सं.20034/1/2019/रा.भा./नीति/भाग-क

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

***

एनडीसीसी-II बिल्डिंग, चौथा तल
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक : २५ फरवरी, 2022

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय : भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में गठित की जाने वाली हिंदी सलाहकार समितियों में राजभाषा विभाग द्वारा नामांकन के प्रयोजन हेतु तैयार की जाने वाली विद्वानों की सूची के लिए आवेदन मंगाने की तिथि बंद करने के बारे में |

राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 06.09.2019 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन (प्रति संलग्न) के माध्यम से, भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में गठित की जाने वाली हिंदी सलाहकार समितियों में, राजभाषा विभाग द्वारा नामांकन के प्रयोजन हेतु विद्वानों की सूची तैयार करने के लिए, निर्धारित प्रोफार्मा में इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों से, आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे |

2. उपरोक्त प्रयोजन हेतु, विभाग में पूरे भारतवर्ष से पर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके हैं | इसलिए विभाग द्वारा आवेदन मंगाने की प्रक्रिया को दिनांक 07.03.2022 से बंद किया जाता है|

(निहारिका सिंह) 25/2/2022
संयुक्त निदेशक (नीति)
फोन : 011-23438250

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग को इस अनुरोध के साथ कि वे इस जानकारी को अपने सभी संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों के संज्ञान में लाएं |

2. एनआईसी, राजभाषा विभाग | कृपया संलग्न कार्यालय ज्ञापन को विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करवा दें |

सं.20034/1/2019/रा.भा./नीति/भाग-क

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

***

एनडीसीसी-II बिल्डिंग, चौथा तल
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक : 06 सितंबर, 2019

0 6 SEP 2019

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय : भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में गठित की जाने वाली हिंदी सलाहकार समितियों में राजभाषा विभाग द्वारा नामांकन के प्रयोजन हेतु तैयार की जाने वाली विद्वानों की सूची के संबंध में |

भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों में गठित की जाने वाली हिंदी सलाहकार समितियों में राजभाषा विभाग द्वारा नामांकन के प्रयोजन हेतु विद्वानों की सूची तैयार की जाती है |

2. विद्वानों की उपरोक्त सूची में नाम शामिल करने हेतु निम्नलिखित अपेक्षाएं हैं:

i. न्यूनतम शैक्षणिक स्तर 'स्नातक' अथवा मान्यता प्राप्त कोई समकक्ष डिग्री हो |

एवं

हिंदी लेखन/अनुवाद/अध्यापन/शोध/समाचार पत्रों अथवा पत्रिकाओं के संपादन का अनुभव हो |

अथवा

केंद्र सरकार के कार्यालयों/सरकारी क्षेत्र के बैंकों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/संगठनों आदि में राजभाषा के कार्यान्वयन का अनुभव हो |

अथवा

ii. केंद्र सरकार के कार्यालयों/सरकारी क्षेत्र के बैंकों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/संगठनों के राजभाषा विभाग/राजभाषा सेवा के अधिकारी |

iii. सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं |

iv. शैक्षणिक योग्यता एवं उपर्युक्त अनुभव का स्वप्रमाणित प्रमाणपत्र आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए |

3. राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित संलग्न प्रोफार्मा में इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति अपना जीवन-वृत्त एवं विशेष योग्यताएं भरकर राजभाषा विभाग को ई-मेल : jsol@nic.in

करें अथवा संयुक्त सचिव (राजभाषा), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II बिल्डिंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001 के पते पर डाक द्वारा अपना आवेदन भेजें |

(रमेशबाबू अणियेरी)
निदेशक (नीति)
फोन : 011-23438250

सेवा में,

1. संयुक्त सचिव (प्रशासन), भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग को इस अनुरोध के साथ कि वे इस जानकारी को अपने सभी संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों के संज्ञान में भी लाएं |

2. एनआईसी, राजभाषा विभाग | कृपया संलग्न कार्यालय ज्ञापन एवं प्रोफार्मा को विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करवा दें |

No.20034/1/2019/O.L./Policy/Part-A
Government of India
Ministry of Home Affairs
Department of Official Language
***

NDCC-II Building, 4th floor
Jai Singh Road, New Delhi-110001
Dated : 06 September, 2019

**Office Memorandum**

Sub : Preparation of List of Scholars by the Department of Official Language for the purpose of nomination in Hindi Salahkar Samitis to be constituted in the Ministries/Departments of Govt. of India.

A list of scholars is prepared for the purpose of nomination by the Department of Official Language in Hindi Salahkar Samitis to be constituted in the Ministries/ Departments of the Government of India.

2. The following are the requirements for inclusion of names in the above list of scholars:

i. The minimum educational level should be 'graduate' or any recognized equivalent degree.

And

Experience in Hindi writing/translation/teaching/research/editing of newspapers or magazines.

Or

Experience in implementation of Official Language in Central Government Offices/Public Sector Banks/Public Sector Undertakings/Organizations etc.

Or

ii. Officers of Official Language Department/ Official Language Service of Central Government/Public Sector Banks/Public Sector Undertakings/Organizations.

iii. Both serving and retired persons can apply.

iv. Self-attested certificate of educational qualification and above mentioned experience should be attached with the application.

3. Interested and eligible persons should fill their bio-data and special qualifications in the attached proforma prescribed by the Department of

**Secretary (Official Language), Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, NDCC-II Building, 4th Floor, Jai Singh Road, New Delhi-110001.**

(Remeshbabu Aniyery)
Director (Policy)
Tel. 011-23438250

To

1. The Joint Secretary (Administration), All the Ministries/Departments of the Government of India with the request that they should also bring this information to the notice of all their attached and subordinate offices.

2. NIC, Department of Official Language. Please upload the attached Office Memorandum and Proforma on the website of the Department.

(5)

## प्रोफार्मा (जीवन-वृत्त एवं अनुभव)

स्वप्रमाणित फोटो

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | |
| 2 | वर्तमान पता | |
| 3 | दूरभाष/मोबाइल नं. | दूरभाष मोबाइल नं. |
| 4 | आधार कार्ड नं. | |
| 5 | ई-मेल | |
| 6 | पत्राचार का पता पिन कोड सहित | |
| 7 | स्थाई पता पिन कोड सहित | |
| 8 | शैक्षणिक योग्यता | (क) स्नातक : **हां/नहीं**<br>(ख) स्नातकोत्तर : **हां/नहीं**<br>(ग) उच्च शिक्षा (यदि हां तो कृपया विवरण भरें): **हां/नहीं** |

9. अनुभव : जो श्रेणी लागू है उसके आगे के कॉलम में (✓) का चिहन लगाएं |

(क) हिंदी लेखन/अनुवाद/अध्यापन/शोध/समाचार पत्रों अथवा पत्रिकाओं के संपादन का अनुभव | ☐

(ख) केंद्र सरकार के कार्यालय/सरकारी क्षेत्र के बैंक/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/संगठन आदि में राजभाषा के कार्यान्वयन का अनुभव | ☐

(ग) केंद्र सरकार के कार्यालय/सरकारी क्षेत्र के बैंक/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/संगठन के राजभाषा विभाग/राजभाषा सेवा के अधिकारी | ☐

(घ) सेवारत अथवा सेवानिवृत्त हैं (कृपया कॉलम में इसका उल्लेख करें) ☐

(ड.) हिंदी के कार्य का विशेष अनुभव/योगदान (यदि कोई हो, तो कृपया विवरण भरें) :.................................

घोषणा : मैं एतदद्वारा यह घोषणा करता/करती हूं कि ऊपर दी गई जानकारी पूर्णत: सत्य है |

**(शैक्षणिक योग्यता के तहत विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रमाण पत्र/उपाधि पत्र के साथ अंक प्रमाण पत्र तथा ऊपर कॉलम 9 (क),(ख) (ग) एवं** (ड.) **में उल्लिखित अनुभव का प्रमाण पत्र इस आवेदन के साथ स्वप्रमाणित करके अनिवार्य रुप से संलग्न करें |)**

स्थान : हस्ताक्षर :